दिनांक–04.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनावों के दौरान कानून और व्यवस्था को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ की समीक्षा।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये प्रदेश की सात सीटों पर अब तक 54 अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए 73 नामांकन पत्र, आज नामांकन भरने का अंतिम दिन।
- राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में तेज गर्मी का दौर जारी।
- आईपीएल क्रिकेट में कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 106 रन से हराया।

आयोग सुरक्षा बैठक

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनावों के दौरान कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा और आंकलन करने, अवैध गतिविधियों, जब्ती की रोकथाम और अंतर–राज्य और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। संयुक्त समीक्षा का उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव के लिए सीमाओं की रक्षा करने वाली केंद्रीय एजेंसियों के साथ–साथ पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों के बीच सहज समन्वय और सहयोग के लिए सभी संबंधित हितधारकों को एक ही मंच पर लाना था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेशों और सीमाओं की रक्षा करने वाली केंद्रीय एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुये।

प्रदेश–नामांकन

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये प्रदेश की सात सीटों पर नाम–निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। दूसरे चरण के लिये नामांकन भरने के चौथे दिन 33 अभ्यर्थियों ने 46 नाम–निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। अब तक 54 अभ्यर्थियों द्वारा 73 नाम–निर्देशन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। लोकसभा संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 5 नाम–निर्देशन पत्र, दमोह में 7 अभ्यर्थियों द्वारा 8, खजुराहो में 7 अभ्यर्थियों द्वारा 11, सतना में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 7, रीवा में 6 अभ्यर्थियों द्वारा 6, नर्मदापुरम में 5 अभ्यर्थियों द्वारा 7 और बैतूल में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नाम– निर्देशन पत्र दाखिल किये गये हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। 5 अप्रैल को नाम–निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी। प्रत्याशी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

चुनाव–जागरूकता

प्रदेश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। डिंडोरी जिले में 85 प्रतिशत मतदान लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वीप प्लान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने ईद हैंपर की पहल की है। इसके तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने ईद के अवसर पर ईद हेम्पर तैयार किया है। जिसमें ईद से संबंधित उपहार जैसे सेंवैया, खजूर, लड्डू आदि आवश्यक सामग्री शामिल हैं। मंदसौर में जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव ने वार्ड नंबर 10 मतदान केंद्र 2 से हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इसके पश्चात कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, रैली का समापन संजय गांधी उद्यान में हुआ। अशोकनगर नगरपालिका द्वारा संजय स्टेडियम में मतदाताओं को मतदान का संदेश देने हेतु रंगोली के माध्यम से भारत का मानचित्र बनाया गया एवं वोट करेगा अशोक नगर की थीम पर मानव श्रृंखला बनाई गई। झाबुआ में विकासखंड थांदला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत चुनावी चौपाल आयोजित की गई। इंदौर जिले की ग्राम पंचायत कॉंकरिया बोर्डिया सांवेर में मानव श्रृंखला बना कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। निवाड़ी के ग्राम वरवाहा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा एक जन जागरूक रैली का आयोजन किया गया। रायसेन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा जिले में भ्रमण कर स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव के लिए की जा रही कार्यवाहियों, गतिविधियों का सतत् निरीक्षण किया।

बैतूल में शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान संस्था में सेल्फी एवं हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान किए जाने प्रेरित किया गया। गुना में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

राष्ट्रपति–मुंबई यात्रा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज मुम्बई के दौरे पर रहेंगी। वे वहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे में कैंसर के लिए भारत की पहली घरेलू जीन थेरेपी का शुभारंभ करेंगी।

लू–चेतावनी

स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। डॉक्टर मांडविया ने जमीनी स्तर पर सटीक आंकडों का उल्लेख करते हुए राज्यों से एक केंद्रीय डेटाबेस बनाने पर जोर दिया। डॉक्टर मांडाविया ने लोगों को लू से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करने की सलाह दी। मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लू से जन–सामान्य के बचाव के लिये समस्त जिला प्राधिकरणों तथा लू प्रबंधन से संबंधित समस्त विभागों को जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिये हैं।

स्वास्थ्य–सीजीएचएस–एप

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चन्द्रा ने नई दिल्ली में आईओएस मोबाइल फोन के लिए माई सीजीएचएस एप जारी किया। इस अवसर पर श्री चन्द्रा ने सीजीएचएस कार्ड को आभा आईडी से लिंक करने से जुड़ी सरकारी कर्मचारियों की चिंता को दूर करते हुए कहा कि सीजीएचएस योजना को बंद करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। इस एप पर केन्द्रीय कर्मचारी स्वास्थ्य योजना–सीजीएचएस के लाभार्थी अपने स्वास्थ्य सम्बंधी रिकार्ड और जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह एप एंड्रॉयड फोन के लिए पहले से ही उपलब्ध है। इस एप पर चिकित्सकों के साथ ऑनलाइन अपॉइंटमेंट, लैब रिपोर्ट, दवाओं सम्बंधी जानकारी और अपने निकटतम स्वास्थ्य और देखभाल केन्द्र जैसी आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध हैं।

मौसम

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में इन दिनों भीषण गर्मी का दौर जारी है। भोपाल का तापमान कल 38 डिग्री दर्ज किया गया। दिनभर तेज धूप छायी रही। हालांकि 5 अप्रैल को उत्तर भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रीय हो सकता है। जिसका प्रदेश में 2–3 दिन बाद असर होने का अनुमान है। जिससे गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खंडवा और मंडला में तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। जबकि रतलाम, दमोह, सिवनी, बैतूल, खरगोन में पारा 39 डिग्री या इससे अधिक रहा। पचमढ़ी में भी पारा 32 दशमलव 8 डिग्री दर्ज किया गया। सतना जिले में आज आसमान में बादल छाए, वारिस होने की संभावना, किसान के चेहरे पर चिंता बढ़ी। पकी फसल खेतों में लहरा रही है। तापमान में भी गिरावट देखी जा रही है।

आईपीएल – क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा। वहीं, कल कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 106 रन से हरा दिया है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 272 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम 17 ओवर दो गेंद में 166 रन ही बना सकी।

समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल पुलिस ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की 19 करोड़ 48 लाख रुपए की राशि निजी खातों में ट्रांसफर किए जाने के आरोप में फरार आरोपी सुनील कुमार, आरएस राजपूत और ऋषिकेश वर्मा पर तीन–तीन हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।
- सागर में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत शुरू हुए प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए 35 लोगों को नोटिस जारी किया गया है।
- आगरमालवा जिले में अब तक एक लाख इकतीस हजार क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।
- इंदौर जिले के जिला न्यायालय परिसर में स्थित डिस्पेंसरी में कल विशेष प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा।
- मुरैना में करीब डेढ़ करोड़ रुपये के फर्जी बिल लगाकर लगातार दो वर्ष तक भुगतान करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के विरूद्ध ईओडब्ल्यू ने शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने का मामला दर्ज कराया है।
- नीमच जिले में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों का भण्डारण है। प्रशासन का कहना है कि आगामी फसल के लिए किसान अभी से उर्वरकों का उठा सकते है।

——————————————